JALAUN POLICE

दिनांक – 06.04.2026

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में थाना कुठौन्द पुलिस द्वारा गैर-इरादतन हत्या की घटना में वान्छित 01 अभियुक्त को घटना में प्रयुक्त डण्डे के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।

कृपया अवगत कराना है कि दिनांक 02.04.2026 को पूरन राठौर पुत्र विजय राठौर नि0 ग्रा0 भदेख थाना कुठौन्द जनपद जालौन द्वारा वाद-विवाद के दौरान घर के सामने रहने वाले रामऔतार राठौर पुत्र स्व0 मोतीलाल राठौर नि0ग्रा0 भदेख थाना कुठौन्द जनपद जालौन के सिर पर डण्डे से वार किया था जिससे रामऔतार गम्भीर रूप से घायल हो गये थे जिनकी उपचार के दौरान दिनांक 05.04.2026 को मृत्यु हो गयी थी। जिसके सम्बन्ध में दिनांक 05.04.2026 को वादी श्री बटेश्वर राठौर पुत्र स्व. मोतीलाल निवासी ग्राम भदेख थाना कुठौन्द जनपद जालौन की तहरीरी सूचना पर थाना कुठौन्द में मु0अ0सं0 36/2026 धारा 105/352/351(2) बीएनएस बनाम पूरन राठौर पुत्र विजय राठौर उम्र 36 वर्ष नि0 भदेख थाना कुठौन्द जनपद जालौन पंजीकृत किया गया था।

दिनांक 06.04.2026 को थाना कुठौन्द पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में चैकिंग के दौरान उपरोक्त मु0अ0सं0-36/2026 में वान्छित अभियुक्त पूरन उपरोक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

अभियुक्त का विवरण-

1. पूरन राठौर पुत्र विजय राठौर उम्र 36 वर्ष नि0 भदेख थाना कुठौन्द जनपद जालौन।

बरामदगी का विवरण-

1. घटना (मारपीट) मे प्रयुक्त लकडी का डण्डा

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण-

1. प्र0नि0 थाना कुठौन्द मय पुलिस टीम।